Ans. (c) – सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना के लिए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने जून, 1865 ई. में करौली के राजकीय अतिथि के रूप में आये। उन्होंने किशनगढ़, जयपुर, पुष्कर और अजमेर की यात्रा की तथा वहाँ पर व्याख्यान दिए। स्वामी दयानन्द सरस्वती दूसरी बार वर्ष 1881 में भरतपुर आये थे। आर्य समाज ने राजस्थान में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण कार्य किया था। उदयपुर में फरवरी-1883 में स्वामी जी के सानिध्य में 'परोपकारिणा सभा' की स्थापना की।

181. स्वामी दयानंद सरस्वती पहली बार 1865 ई. में_____के राजकीय अतिथि के रूप में राजस्थान आएथे।

(a) जयपुर (b) जैसलमेर
(c) उदयपुर (d) करौली

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

182. मेवाड़ में ''आर्य समाज'' की स्थापना किसने की?

(a) विष्णुलाल पाँडया (b) राधाकिशन शर्मा
(c) गोपीनाथ शर्मा (d) कन्हैयालाल जादम

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) – मेवाड़ में ''आर्य समाज'' की स्थापना विष्णुलाल पॉडया ने की थी। यद्यपि विष्णु लाल पॉडया के आर्य समाज की स्थापना से पूर्व ही स्वामी दयानन्द सरस्वती ने वर्ष 1865 में करौली, 1881भरतपुर की यात्रा कर चुके थे। वर्ष 1883 उदयपुर में वर्ष दयानन्द ने परोपकारिणी सभा की स्थापना की थे।

183. रूसी कथाओं के राजस्थानी अनुवाद 'गजबण' के लिए सोवियत लैण्ड नेहरू पुरस्कार किसे दिया गया ?

(a) मंगल बादल (b) कोमल कोठारी
(c) विजयदान देथा (d) लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (d) – रूसी कहानी 'गजबण' के राजस्थानी अनुवाद के लिए नेहरू सोवियत लैण्ड पुरस्कार 'लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत' को दिया गया था। लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत को राजस्थानी साहित्य में उनके योगदान के लिए वर्ष 1984 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। फ्रांसेस टैफ्ट (विदेशी) महिला ने ''फ्रॉम पर्दा टू द पीपल'' नाम से उनकी जीवनी लिखी।

184. मटक, बिछावन, चू-सराई क्या थे?

(a) राजस्थन में स्थानीय करों के नाम
(b) राजस्थान में देशी कपड़ों के स्थानीय नाम
(c) कृषि यंत्रों के नाम
(d) सिंचाई के साधनो के स्थानीय नाम

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) – मटक, बिछावन, चू-सराई राजस्थान के स्थानीय करों के नाम हैं।

185. बच्छावतों, रामपुरिया, गुलेच्छा, सेठिया की हवेलियाँ राजस्थान में कहाँ स्थित है?

(a) जैसलमेर (b) सीकर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (d) – बच्छावतों, रामपुरिया, गुलेच्छा, सेठिया की हवेलियाँ राजस्थान के बीकानेर में स्थित है। बीकानेर की हवेलियों में आप रियासतकाल की सम्पन्नता की झलक देख सकते हैं। ये हवेलियाँ लाल पत्थर से निर्मित हैं। इन हवेलियों में ज्यामितीय शैली की नक्काशी एवं आधार को तराश कर बेल-बूटे, फूल-पत्तियाँ आदि उकेरे गये हैं। इनकी सजावट में मुगल, किशनगढ़ एवं यूरोपीय चित्रशैली का प्रयोग किया गया है।

186. राजस्थान में फ्लोरोसिस समस्या से सम्बन्धित गलत कथन को छांटिए-

(a) राज्य के सभी 33 जिले फ्लोरोसिस से प्रभावित है।
(b) राज्य के पश्चिमी एवं दक्षिणी जिले फ्लोरोसिस से अधिक पीड़ित है।
(c) शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लोरोसिस का प्रकोप अधिक है।
(d) राज्य में 72 प्रतिशत से अधिक गाँव फ्लोरोसिस से पीड़ित है।

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. ( ) – आयोग ने इस प्रश्न को उत्तर कुंजी से निकाल (Delete) कर दिया है।

WHO के अनुसार जब फ्लोराइड की मात्रा प्रति लीटर जल में 1.5 मिलीग्राम से अधिक होती है तो इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इसके अधिकता से फ्लोरोसिस नामक बीमारी होती है। राजस्थान के सभी जिले फ्लोरोसिस से प्रभावित हैं। राजस्थान का पश्चिमी भाग मुख्यतः इस समस्या से पीड़ित है। राजस्थान के 51 प्रतिशत से अधिक गाँव फ्लोरोसिस से पीड़ित है। राजस्थान के शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लोरोसिस का प्रकोप अधिक है।

187. उदयपुर में 'देशहितैषणी सभा' का गठन किसने किया-

(a) महाराणा शम्भू सिंह (b) महाराणा सज्जन सिंह
(c) महाराणा अजीत सिंह (d) महाराणा जसवन्त सिंह

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (b) – देशहितैषणी सभा का गठन महाराणा सज्जन सिंह ने 1877 ई. में उदयपुर में किया था। इस सभा का उद्देश्य विवाह के खर्च में कमी करना एवं बहु विवाह पर रोक लगाना था।